# प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः—** राज्य योजना के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री घोषणा में जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में नौटी—छातोली मोटर मार्ग का जखेट तक विस्तार हेतु 0.140 हे0 सिविल भूमि, एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.030 हे0 कुल भूमि 0.170 हे0 सिविल भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

मा0 मुख्यमंत्री घोषणा में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में नौटी—छातोली मोटर मार्ग का जखेट तक विस्तार की स्वीकृत शासनादेश संख्या 4305/111(2)/11—16 (मु0मं0घो0)/2011 दिनांक 16/09/2011 के द्वारा 4.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु लागत रू0 50.32 लाख की प्राप्त हुई हैं। मार्ग निर्माण की वास्तविक लम्बाई 1.00 कि0मी0 आती है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग पूर्व स्वीकृत नोटी—छातोली—चौरासैण मोटर मार्ग के कि0मी0 7.00 से प्रारम्भ हो कर भटग्वाली गॉव तक जाता है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम—भटग्वाली प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे तथा ग्रामीण एवं पिछडे क्षेत्र यातायात से जुड जायेगे। इनका समग्र विकास होगा तथा साथ ही ग्रामीणों का तहसील मुख्यालय आदिबद्री से सीधा सम्पर्क हो सकेगा। तथा अपनी नगदी फसलों को बाजार तक लाने में सुविधा होगी तथा उचित दाम पर बेच सकेगें, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

मार्ग का संरेखण इस प्रकार निर्धारित किया गया है की मार्ग निर्माण न्यूनतम सिविल वन भूमि से गुजरे एवं कम से कम वृक्षों का पातन हो। मार्ग पर पडने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार से हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1—नाप भूमि 0.80 कि0मी0 x 7 मी0 | = | 0.560 हे0 |
| 2—सिविल वन भूमि 0.200 कि0मी0 x 7मी0 | = | 0.140 हे0 |
| 3—मक डिस्पोजल हेतु | = | 0.030 हे0 |
| योग | = | 0. 730 हे0 |

अतः मार्ग निर्माण हेतु 0.170 हे0 सिविल वन भूमि एवं मक डिस्पोजल प्लान सहित प्रस्ताव गठित कर लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण करने हेतु प्रस्तुत किया गया हैं।

| अमीन | कनिष्ठ अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0<br>गौचर | सहायक अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0<br>गौचर | अधिशासी अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0<br>गौचर |
|---|---|---|---|